3rd class Hindi Bodh Ch 2 Ques.Ans

(मौखिक,लिखित)

मौखिक

1 प्रश्नों के उत्तर बताओ__

क) व्यापारी किसका व्यापार करता था?

उत्तर- व्यापारी नमक का व्यापार करता था।

ख) व्यापारी ने थकने पर क्या किया?

उत्तर- थकने पर व्यापारी ऊँट को पेड़ से बाँधकर सो गया।

ग) अचानक व्यापारी की आँख खुली तो उसने क्या देखा?

उत्तर- अचानक व्यापारी की आँख खुली तो उसने ऊँट को वहाँ से गायब देखा।

घ) व्यापारी लड़के को पकड़ कर कहाँ ले गया?

उत्तर- व्यापारी लड़के को पकड़कर राजा के पास ले गया।

लिखित___

2 प्रश्नों के उत्तर लिखो_

क) व्यापारी लड़के को राजा के पास क्यों ले गया?

उत्तर- व्यापारी लड़के को राजा के पास अपने ऊँट के बारे में जानने के लिए ले गया।

ख) लड़के ने राजा को क्या बताया?

उत्तर- लड़के ने राजा को बताया कि उसने ऊँट नहीं देखा। रास्ते में एक ऊँट के तीन पैरों के निशान ,दाईं ओर की चरी हुई घास को देखा और वह समझ गया कि ऊँट लंगड़ा और एक आँख से काना होगा ।

ग) राजा लड़के से क्यों प्रभावित हुआ?

उत्तर- ऊँट के बारे में लड़के की बुद्धिमता पूर्ण बातें सुनकर राजा लड़के से प्रभावित हुआ।

ङ) व्यापारी को ऊँट कहाँ और कैसे मिला?

उत्तर- ऊँट के पैरों के निशानों का पीछा करते हुए व्यापारी को ऊँट मैदान में घास चरता हुआ मिला।

ड़) अंत में व्यापारी ने क्या किया?

उत्तर- अंत में व्यापारी ने खुश होकर लड़के को इनाम दिया ।

च) आपको इस पाठ से क्या शिक्षा मिलती है?

उत्तर- हमें इस पाठ से यह शिक्षा मिलती है कि बुद्धिमत्ता , सूझबूझ और सच्चाई से जीवन की हर समस्या का हल संभव है।